कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व की बाघिन के द्वारा जन्म दिये गये शावकों की संख्या 04

पूर्व में बाघिन खुली जगह में न रहने के कारण शावकों की संख्या की गिनती में सही संख्या के बारे में स्पष्टता नहीं हो पा रही थी। पूर्व में स्पष्ट रूप से देखी गई 03 शावक की पुष्टि की गई। परन्तु इस बात की पूर्ण आशंका थी कि शावकों की संख्या 04 हो सकती है। दिनांक 20.5.2010 को तत्कालीन प्रभारी क्षेत्र संचालक श्री अरुण कुमार एवं उप संचालक श्री विक्रम सिंह परिहार के द्वारा मौके पर किये गये अध्ययन के दौरान टी–1 बाघिन के शावकों की संख्या पूर्व में सूचित अनुसार 03 न होकर 04 आंका गया है जिसे पुनः दिनांक 24.5.2010 को स्वतंत्र रूप से भी पुष्टि की गई। दिनांक 24.5.2010 को बाघिन शावकों को एक स्थान से दूसरे स्थान में शिफ्ट करने से इस बात में स्पष्टता आई है। अवलोकन के आधार पर चौथा शावक का आकार अन्य 03 से छोटा प्रतीत होता है।

अतः अधिकारिक तौर पर यह पुष्टि की जाती है कि टी–1 बाघिन के द्वारा 04 शावकों को जन्म दिया गया है एवं आज की स्थिति में वे चारों शावक स्वस्थ्य हैं।

दिनांक– 27.5.2010

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना